# हनुमान ना मिल पाते | by Mukesh Kumar

ना राम जनम लेते हनुमान ना मिल पाते
ये दोनों नहीं होते कोई धाम ना बन पाते

श्री राम का वन जाना दैत्यों से टकराना
हनुमान बिना इनसे मुश्किल था जीत पाना
रघुवर जो नहीं होते शिव लीला ना कर पाते
ना राम जनम लेते.............

श्री राम धनुष धारी हनुमान है बलकारी
इनके शक्ति बल से दानव सेना हारी
प्रभु प्रेम के सागर हैं हनुमान दया करते
ना राम जनम लेते.............

श्री राम बिना लंका हनुमान ना जला पाते
हनुमान बिना रण में ना राम विजयी होते
एक दूजे के पूरक दोनों ही दया करते
ना राम जनम लेते.............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%87-by-mukesh-kumar/